# समाचार

## बहुप्रतीक्षित मुड़ापार बाईपास रोड का होगा निर्माण

## ( महापौर श्री लाम्बा का प्रयास सफल रहा, शासन ने स्वीकृत की राशि–निगम द्वारा कार्य हेतु निविदि जारी )

कोरबा 25 सितम्बर 2013 –अत्यंत व्यस्ततम किन्तु गड्डों से भरी व जीर्ण–शीर्ण मुड़ापार बाईपास सड़क के निर्माण का रास्ता अब सहज हो गया है। महापौर श्री जोगेश लाम्बा द्वारा इस हेतु किया जा रहा प्रयास सफल हुआ है तथा राज्य शासन ने इस महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कर दी है, वहीं निगम द्वारा उक्त कार्य की निविदा भी जारी कर दी गई है।

यहां उल्लेखनीय है कि मुड़ापार मुख्य मार्ग से एस.ई.सी.एल. सेन्ट्रल स्टोर तक जाने वाली बाईपास रोड वर्षो से काफी जीर्ण–शीर्ण हालत में है तथा इस मार्ग पर भारी मात्रा में आवागमन होता है। इस सड़क पर एस.ई.सी.एल. के भारी वाहन दिन–रात आवागमन करते हैं, परिणाम स्वरूप उक्त सड़क की हालत काफी खराब हो गई थी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अनेकों बार इस सड़क के निर्माण के लिए धरना आंदोलन का सहारा लिया तथा एस.ई.सी.एल. प्रबंधन से उक्त सड़क के निर्माण की मांग की, किन्तु इस दिशा में कोई सकारात्मक हल नहीं निकल सका। महापौर श्री जोगेश लाम्बा द्वारा उक्त महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए आवश्यक राशि की स्वीकृति हेतु अनेकों बार रायपुर का दौरा कर शासन स्तर पर प्रयास किया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो चुका है। महापौर श्री लाम्बा के प्रयास से राज्य शासन द्वारा उक्त सड़क के निर्माण के लिए आवश्यक राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ रायपुर के उप संचालक (अनुदान) का पत्र निगम को प्राप्त हो चुका है, परिणाम स्वरूप नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उक्त कार्य की निविदा आमंत्रण की सूचना समाचार पत्रों में जारी कर ई–टेडरिंग के माध्यम से 07 अक्टूबर 2013 तक निविदाएं आमंत्रित की गई है।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)